# त्वरति तथ्य 3

## ड्राइवर लाइसेंस माध्यमकि समीक्षा रेफ़रल प्रक्रयि

## *(Driver License Secondary Review Referral Process)*

STATE OF CALIFORNIA DMV Department of Motor Vehicles

### क्या आपको एक माध्यमकि समीक्षा रेफ़रल नोटसि *(DL 209A)* प्राप्त हुआ है?

आपको एक DL 209A इसलिए प्राप्त हुआ है क्योंकि जो पहचान/निवासिता दस्तावेज़ आपने डिपार्टमेंट ऑफ मोटर व्हीकल्ज़ (DMV) क्षेत्रीय कार्यालय की अपनी विज़िट के दौरान सबमटि किये थे, उनके आगे समीक्षा किये जाने की जरूरत है। ड्राइवर लाइसेंस (DL) माध्यमकि समीक्षा रेफ़रल प्रक्रयि शुरु किये जाने के लिए, आपका DL 209A पर प्रदान किये गये टेलीफोन नम्बर पर फोन करना ज़रूरी है। DL आवेदन प्रक्रयि आपके DMV को कॉल किये जाने तक जारी नहीं किया जा सकता।

### सहायक सुझाव–जब आप *DMV* को कॉल करते हैं तो जानने योग्य बातें

- कॉल करने और माध्यमकि समीक्षा के लिए कहने के लिए DL 209A प्राप्त किये जाने के बाद 5 व्यावसायिक दिनों तक इंतजार करें।
- संदर्भ के लिए अपनी DL आवेदन रसीद तैयार रखें।
- भाषा सहायता उपलब्ध है। जब आप कॉल करें, तो कहें "मुझे ________________ में भाषा सहायता की जरूरत है।"

आपके DMV को कॉल किये जाने के बाद, 30 दिनों के अन्दर-अन्दर आपको डाक द्वारा एक पत्र प्राप्त होगा, जिसमें तारीख, समय और वह स्थान शामलि होगा जहाँ आपका साक्षात्कार किया जाएगा।

ध्यान दें: यदि आप DL 209A गुम कर देते हैं, तो कृपया आगे सहायता के लिए DMV से 1-800-777-0133 पर सम्पर्क करें।

### मैं साक्षात्कार के समय क्या अपेक्षा कर सकता/ती हूँ?

साक्षात्कार के समय, आपकी पहचान/निवासिता के दस्तावेज़ों की समीक्षा की जाएगी, आपसे कई प्रश्न पूछे जाएंगे और क्षेत्रीय कार्यालय में लिया गया फोटो सत्यापति किया जाएगा। साक्षात्कार प्रक्रयि में 1 घंटे तक का समय लग सकता है।

यदि आपकी पहचान/निवासिता दस्तावेज़ सत्यापति किए जा सकते हैं, तो आपको DL प्रक्रयि को जारी रखने के बारे में और निर्देश देने वाला एक अनुवर्ती पत्र डाक द्वारा प्राप्त होगा।

### मुझे किन दस्तावेज़ों की जरूरत होगी?

आपके दस्तावेज़ का उपयोग यह निर्धारति करने के लिए किया जाएगा कि आप कौन हैं और आप कहाँ रहते हैं। आपको उन दस्तावेज़ों को लाने की आवश्यकता होगी जो आपकी पहचान/निवासिता साबति करेंगे। इन दस्तावेज़ों की आवश्यकता DMV द्वारा जारी किए गए DL की सटीकता और अखंडता को सुरक्षति रखने में मदद करती है और किसी और को आपकी जानकारी और/या पहचान का उपयोग करने से रोका जा सकता है। अपने निर्धारति साक्षात्कार में इस ब्रोशर में सूचीबद्ध जितने भी दस्तावेज़ ला सकते हों, अपने साथ लाएँ। दिए गए सभी दस्तावेज़ साक्षात्कार के बाद आपको वापस कर दिए जाएंगे।

- स्कूल दस्तावेज़, जिनमें शामलि हैं:
  - सार्वजनकि या निजी
  - प्राथमकि, माध्यमकि या पोस्ट-माध्यमकि संस्थान
  - कॉलेज या विश्वविद्यालय

स्कूल के दस्तावेज़ों में आपकी जन्मतिथि, या यदि कोई विदेशी स्कूल दस्तावेज़ है, तो स्कूल द्वारा सील किया जाना ज़रूरी है और उसमें आवेदक की उस उम्र की एक तस्वीर शामलि होनी चाहिए जब यह अभिलेख जारी किया गया हो।

- संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार या संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर एक सरकार द्वारा जारी दस्तावेज़, जिनमें शामलि हैं:
  - आश्रय के लिए आवेदन और निकालने से रोकने के लिए फार्म (I-58 9)
  - गैर-आप्रवासी छात्र स्थिति के लिए पात्रता का प्रमाण पत्र (F-1 या M-1)
  - एक्सचेंज विज़िटिर के लिए पात्रता का प्रमाण पत्र **(J-1)**
  - न्यायालय के दस्तावेज़ जहां आपको अदालत की कार्यवाही में एक पक्ष के तौर पर नामति किया गया है
  - आयकर रिटर्न

– DL (वैध या समाप्त हो चुका)

- वैवाहिक स्थिति, जिनमें शामिल हैं:
  – शादी का लाइसेंस
  – घरेलू पार्टनर पंजीकरण

शादी के लाइसेंस पर भाषा (अंग्रेजी के अलावा) का अंग्रेजी में प्रमाणित अनुवाद या अंग्रेजी में अनुवाद का हलफ़नामाा शामिल करना ज़रूरी है।

- तलाक के आदेश

तलाक के आदेश पर भाषा (अंग्रेजी के अलावा) का अंग्रेजी में प्रमाणित अनुवाद या अंग्रेजी में अनुवाद का हलफ़नामाा शामिल करना ज़रूरी है।

- विदेशी दस्तावेज़, जिनमें शामिल हैं:
  – विदेशी पासपोर्ट
  – विदेशी राष्ट्रीय पहचान (आईडी) कार्ड
  – कौंसुलर पहचान कार्ड
  – विदेशी ड्राइवर लाइसेंस (DL)

विदेशी ड्राइवर लाइसेंस (DL) पर भाषा (अंग्रेजी के अलावा) का अंग्रेजी में प्रमाणित अनुवाद या अंग्रेजी में अनुवाद का हलफ़नामाा शामिल करना ज़रूरी है।

- पहचान कार्ड

पहचान कार्ड(र्डों) में संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार या संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर किसी सरकार द्वारा जारी आवेदक की एक तस्वीर शामिल होना ज़रूरी है।

- जन्म के दस्तावेज़, जिनमें शामिल हैं:
  – जन्म का प्रमाणपत्र
  – दत्तक ग्रहण रिकॉर्ड

उपरोक्त सूची से प्रस्तुत किसी भी दस्तावेज़(ज़ों), जिस पर आपके पति या पत्नी, घरेलू साथी, बच्चा, अभिभावक, या कानूनी संरक्षक को सूचीबद्ध किया गया है, बशर्ते कि आवेदक रिश्ते का पता लगाने के लिए जन्म प्रमाणपत्र, दत्तक ग्रहण रिकॉर्ड, विवाह लाइसेंस या घरेलू भागीदारी पंजीकरण प्रदान करता है।

## मैं विदेशी दस्तावेज़ कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

यदि आपको अपने विदेशी दस्तावेज़ों को बदलने या प्राप्त करने की जरूरत है, तो आप अपने देश के वाणिज्यि दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। विदेश में रहने वाले अपने नागरिकों की मदद और सहायता करने के लिए एक दूतावास कार्यालय एक विदेशी राष्ट्र की ओर से कार्य करता है।

कौंसुलेट स्थान और संपर्क जानकारी रोज़ाना बदल सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सबसे वर्तमान वाणिज्यि दूतावास जानकारी प्राप्त करते हैं, कृपया संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर वाणिज्यि दूतावास की पूरी सूची के लिए **state.gov/s/cpr/rls/c23721.htm** पर जाएँ।

## क्या होगा यदि मेरी पहचान/निवासिता की पुष्टि न की जा सकी?

DMV आपकी पहचान/निवासिता की पुष्टि करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। यदि DMV ऐसा करने में असमर्थ है, तो आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) के माध्यमिक समीक्षा रेफ़रल प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद आपको एक पत्र भेजा जाएगा। यदि DMV आपकी पहचान/निवासिता की पुष्टि करने में असमर्थ है तो आपके पास सुनवाई किये जाने का अनुरोध करने का अधिकार है। यदि फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं, तो DMV अग्रिम कार्रवाई कर सकता है।

## *DMV* जांच-पड़ताल *(INV)* डिवीजन के बारे में जानकारी

DMV जांच-पड़ताल (INV) माध्यमिक समीक्षा प्रक्रिया का संचालन करता है। INV कानून प्रवर्तन का एक लीडर है, जिसमें करीब 220 शांति स्थापित करने वाले अधिकारियों की एक कुशल टीम और 130 से अधिक सहायता स्टॉफ शामिल हैं। INV अग्रलिखित से संबंधित जांच करता है: पहचान की चोरी, वित्तीय अपराध, कर्मचारी दुराचार, नकली/परिवर्तित दस्तावेज़, और DMV और व्यावसायिक लाइसेंसधारकों के खिलाफ उपभोक्ता शिकायतों का संचालन करता है। INV स्टॉफ सभी कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के लिए अखंडता, व्यावसायिकता और सम्मान के साथ गुणवत्ता सेवाएं प्रदान करके असाधारण ग्राहक सेवा का प्रदर्शन करता है।